संपादकीय

चमकी का अंधेरा

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि स्वास्थ्य की देखभाल, पोषण और स्वास्थ्यप्रद वातावरण लोगों के बुनियादी अधिकारों में शामिल है, और यह उन्हें मिलना ही चाहिए। कोर्ट ने बिहार के मुजफ्फरपुर में एईएस (चमकी बुखार) को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने केंद्र और बिहार सरकार से 7 दिनों में रिपोर्ट मांगी है और यह स्पष्ट करने को कहा है कि अब तक इस बीमारी से निपटने के लिए क्या उपाय किए गए। उसने तीन बिंदुओं पर विशेष रूप से जानकारी उपलब्ध कराने को कहा है- जन स्वास्थ्य सेवा संबंधी सुविधाओं की उपलब्धता, बच्चों का पोषण और प्रभावित क्षेत्रों में साफ-सफाई की स्थिति। उसने यूपी सरकार को भी नोटिस जारी किया है क्योंकि कुछ समय पहले वहां भी इसी तरह बच्चे बड़ी संख्या में बीमारी के शिकार हुए थे। कैसी विडंबना है कि हमारे देश में कार्यपालिका को उसके कर्तव्यों की याद बार-बार न्यायपालिका को दिलानी पड़ती है।

स्वास्थ्य जैसे बुनियादी अधिकार के लिए भी लोगों को अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ता है क्योंकि सरकार से उम्मीद बांधे रहने की अब उन्हें कोई वजह नहीं दिखती। जहां तक बिहार का प्रश्न है तो वहां चमकी बुखार से डेढ़ सौ से भी ज्यादा बच्चों की मौत हो चुकी है। बुखार के कारणों को लेकर डॉक्टरों में एक राय नहीं है। बड़े पैमाने पर इसके भड़क उठने के कारण एक झटके में इसे रोकना भी संभव नहीं है। लेकिन जिस तरह से यह बीमारी थोड़े-थोड़े अंतराल के बाद फैल रही है, उससे इस संबंध में सरकारी तैयारियों की कमी का पता तो चलता ही है। अगर किसी क्षेत्र विशेष में कोई समस्या बार-बार आ रही है तो उसे लेकर विशेष प्रॉजेक्ट चलाए जाने चाहिए थे। बिहार ही नहीं, यूपी के गोरखपुर और आस-पास के जिलों में भी मस्तिष्क ज्वर का प्रकोप होता रहता है लेकिन वहां भी इससे निपटने के दूरगामी उपाय नहीं किए गए, जिससे पिछले साल अगस्त में कई बच्चों की मौत हो गई। ये हादसे जन स्वास्थ्य को लेकर सरकार के उदासीन रुख को दर्शाते हैं।

दरअसल देश में शिक्षा और स्वास्थ्य के मामले में दोहरी व्यवस्था चल रही है। हेल्थ सेक्टर को निजी क्षेत्र के लिए खोल देने के बाद सरकार की चिंता हेल्थ बीमे तक सिमट गई है। देश का संपन्न और मध्यवर्गीय तबका स्वास्थ्य के लिए सरकारी तंत्र पर निर्भर नहीं है इसलिए सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र को बेहतर बनाने का कोई खास दबाव भी सरकार पर नहीं है। स्वास्थ्य कभी चुनावी मुद्दा नहीं बनता। खस्ताहाल सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने को मजबूर गरीब लोग भी शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर वोट नहीं देते। हां, पार्टियां घोषणापत्रों में स्वास्थ्य पर खर्च बढ़ाने का दावा जरूर करती हैं क्योंकि उन्हें पता है कि सत्ता में आने के बाद इस बारे में कोई उनसे सवाल नहीं करने वाला। यह लोकतंत्र के लिए अच्छी स्थिति नहीं है। देश की एक बड़ी आबादी को बीमारी और कुपोषण के अंधेरे में छोड़कर हम विकसित देश बनने का स्वप्न नहीं देख सकते।

नीरव मोदी के चार बैंक खाते स्विट्ज़रलैंड में फ्रीज

नईदिल्ली (आरएनएस)। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ हजारों करोड़ रुपये का लोन फ्रॉड करने के आरोपी और मनी लॉन्ड्रिंग केस के भगोड़ा साबित किए जा चुके हीरा कारोबारी नीरव मोदी पर स्विट्जरलैंड सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है. सरकार ने नीरव मोदी के चार बैंक खातों को सीज़ कर दिया है. स्विट्जरलैंड सरकार की ओर से की गई इस कार्रवाई के बाद नीरव मोदी से जुड़े लोग भी उनके अकाउंट में जमा रुपयों का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे. सरकार की इस कार्रवाई के बाद नीरव मोदी को कुल 6 मिलियन डॉलर की संपत्ति से हाथ धोना पड़ा है.

बता दें कि भारत के सरकारी बैंकों से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करके लंदन भागे हीरा कारोबारी नीरव मोदी पर शिकंजा कसता दिख रहा है. लंदन की वेस्टमिंस्टर कोर्ट ने नीरव मोदी की जमानत याचिका चौथी बार खारिज कर दी है. ऐसे में उसे अभी लंदन की जेल में और दिन गुजरना होगा.

नीरव मोदी कई बैंकों को 13 हजार करोड़ रुपये का चूना लगाकर पिछले करीब 15 महीने से फरार है. नीरव मोदी की साजिश की वजह से पीएनबी बैंक की आर्थिक रफ्तार रुक गई थी. शेयर लुढ़क कर जमीन पर पहुंच गया था. मामले का खुलासे होते ही हड़कंप मच गया था. इस बीच नीरव मोदी देश छोड़कर फरार हो गया. लेकिन तभी से भारत सरकार नीरव मोदी स्वदेश लाने की कोशिश में जुट गई थी. नीरव मोदी की लंदन में गिरफ्तारी हुई थी.

गौरतलब है कि पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) को लगभग 14 हजार करोड़ रुपये का चूना लगाकर विदेश फरार होने वाले हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी की मुश्किलें भी बढ़ने वाली हैं. भारत के दवाब में एंटीगा सरकार ने मेहुल चोकसी की नागरिकता को खारिज करने का फैसला किया है. एंटिगा के प्रधानमंत्री गैस्टन ब्राउन ने कहा, मेहुल चोकसी को पहले यहां की नागरिकता मिली हुई थी. लेकिन अब इसे रद्द किया जा रहा है और भारत प्रत्यर्पित किया जा रहा है. हम किसी भी अपराधी को अपने देश में सुरक्षित ठिकाना नहीं देंगे. बता दें कि चोकसी को भारत वापस लाने के लिए प्रत्यर्पण प्रक्रिया मार्च में शुरू हुई थी.

अडाणी पोर्ट्स की 75 करोड़ डॉलर जुटाने की योजना

नईदिल्ली (आरएनएस)। अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने बृहस्पतिवार को ऐलान किया कि उसकी 75 करोड़ डॉलर जुटाने की योजना है। इस राशि का इस्तेमाल वह अपने पूंजीगत व्यय से जुड़ी जरूरतों की पूर्ति एवं कुछ कर्ज के निपटान पर करेगी। एपीएसईजी ने शेयर बाजारों को जानकारी दी है, अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड की वित्त समिति ने 75 करोड़ डॉलर की निश्चित दर पर सीनियर अनसिक्योर्ड नोट जारी करने को अपनी मंजूरी दे दी है। इसके अलावा समिति ने मूल्य, अवधि एवं नोट से जुड़ी अन्य शर्तों को भी अपनी स्वीकृति दे दी है। कंपनी ने कहा कि वह इस राशि का इस्तेमाल अपनी अनुषंगी कंपनियों को उधार देने के साथ मुख्य रूप से अपने पूंजीगत व्यय की पूर्ति एवं मौजूदा कर्जों को चुकाने के लिए करेंगी। एपीएसईजी ने कहा कि इन नोट को सिंगापुर एक्सचेंज सिक्योरिटीज ट्रेडिंग लिमिटेड में सूचीबद्ध किये जाने की संभावना है।

अमेरिका-चीन व्यापार भारत के लिए अवसरः पनगढ़िया

नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रख्यात अर्थशास्त्री अरविंद पनगढ़िया ने कहा है कि अमेरिका और चीन के व्यापारिक रिश्तों में बढ़ता तनाव भारत के लिए एक अवसर की तरह है। उनके मुताबिक ऐसी परिस्थितियों में भारत उन बहुराष्ट्रीय कंपनियों को देश में निवेश के लिए आकर्षित कर सकता है जो चीन के बाहर वैकल्पिक स्थान की तलाश कर रहे हैं। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए पनगढ़िया ने भारत से आयातित मोटरसाइकिलों एवं वाहनों पर शुल्क में कमी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में अमेरिका के साथ आदान-प्रदान को लेकर बातचीत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां चीन से बाहर निकल रही हैं। ऐसे में यह भारत के लिए अवसर है कि वह इन बहुराष्ट्रीय कंपनियों को भारत लाने के लिए जो कुछ कर सकती है, वह करे। ट्रंप सरकार ने पिछले साल मार्च में चीन से आयातित इस्पात एवं एल्युमीनियम उत्पादों पर भारी शुल्क लगाने की घोषणा की थी। इसके बाद अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध शुरू हो गया। पनगढ़िया ने इस बात पर बल दिया कि अमेरिका, भारत को अपने बाजार को खोलने के लिए कह रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नयी सरकार की आर्थिक प्राथमिकताओं को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, यह भारत के लिए अच्छी चीज है। मैं इसे एकतरफा खोल देता लेकिन यहां अमेरिका के साथ बातचीत करने का अवसर बन रहा है। उन्हें कुछ दीजिए और उसके बदले उनसे कुछ लीजिए। पनगढ़िया ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों को आकर्षित करने के लिए श्रम कानूनों एवं भूमि अधिग्रहण से जुड़े सुधारों को अधिक उदार बनाने का आह्वान किया। जनवरी, 2015 से अगस्त, 2017 के बीच नीति आयोग के पहले उपाध्यक्ष रहे पनगढ़िया ने स्वीकार किया कि आंकड़ों को स्थानीय स्तर पर रखने जैसे कुछ मुश्किल मुद्दे हैं लेकिन हार्ली डेविडसन मोटरसाइकिल जैसे मुद्दे को सुलझाया जा सकता है।

एलजी ने भारत में अगले दो साल में दोहरे अंक में बाजार हिस्सेदारी का लक्ष्य रखा

नईदिल्ली (आरएनएस)। कोरिया की प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी एलजी ने भारत के अति प्रतिस्पर्धी स्मार्टफोन बाजार में अगले दो साल में दोहरे अंकों में बाजार हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य रखा है। कंपनी इसके लिए देश में डब्ल्यू श्रृंखला के स्मार्टफोन पेश करेगी। एलजी इस श्रृंखला के तहत पांच स्मार्टफोन भारतीय बाजार में उतारेगी। ये स्मार्टफोन अमेजन वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। कंपनी ने दिसंबर के आखिर तक दस लाख स्मार्टफोन की बिक्री का लक्ष्य रखा है। शिओमी और सैमसंग जैसी कंपनियों से मुकाबले के लिए एलजी अपने वैश्विक पोर्टफोलियो के स्मार्टफोन को भारत में पेश करेगी। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के मोबाइल कारोबार के क्षेत्रीय प्रमुख ए वैद्य ने बताया, हमने एक साल पहले अपने मुख्यालय से भारत के लिए खास तौर पर एक श्रृंखला पेश करने का आग्रह किया था और बातचीत के बाद वह इसके लिए राजी हो गए। उन्होंने बताया कि डब्ल्यू श्रृंखला के पहले दो स्मार्टफोन जुलाई से उपलब्ध होंगे। उसके बाद कुछ उत्पाद अगस्त एवं दिवाली के समय बाजार में आएंगे। कंपनी के मुताबिक डब्ल्यू श्रृंखला के स्मार्टफोन की कीमत 8,000 से 15,000 रुपये के बीच होगी। वैद्य ने कहा, इस साल के आखिर तक हमारा लक्ष्य डब्ल्यू श्रृंखला के 10 लाख स्मार्टफोन की बिक्री करनी है। अगले 18-24 महीने में 5जी आ जाएगा। हमने भारत में दोहरे अंक में बाजार हिस्सेदारी का लक्ष्य रखा है।

शुरुआती कारोबार में रुपया 17 पैसे फिसला

मुंबई (आरएनएस)। विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने से गुरुवार को शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले रुपया 17 पैसे कमजोर होकर 69.32 के स्तर पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण प्रतिभागियों ने सतर्कता बरती। अंतरबैंक मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया गुरुवार की सुबह 69.29 के स्तर पर खुला और थोड़े देर के कारोबार में पिछले दिन के बंद से 17 पैसे कमजोर होकर 69.32 के स्तर पर पहुंच गया। भारतीय मुद्रा बुधवार को 69.15 रुपया प्रति डॉलर के स्तर पर बंद हुई थी।

आज का राशिफल

मेषः- कार्यक्षेत्र में आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं इससे व्यथित होकर साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है।

वृषभः- आज का दिन परिजनों के साथ सुखद बीतेगा। भाग्यवश दोपहर तक शुभ समाचार भी मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है।

मिथुनः- किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी, व्यर्थ व्यय से बचें। प्रिय एवं महान पुरूषों के दर्शन से मनोबल बढ़ेगा।

कर्कः- बड़ी मात्रा में धन प्राप्ति होने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी। मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी।

सिंहः- राजनीतिक क्षेत्र में अशातीत सफलता मिलेगी। संतान के प्रति दायित्व पूर्ति भी होगी। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे, रूका हुआ कार्य भी संपन्न होगा। पाचन क्रिया मंद तथा नेत्र विकार संभव है।

कन्याः- आज कर्मोद्योग में तत्परता से लाभ होगा। स्वजनों से सुख, पारिवारिक मंगल कार्यों की खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा।

तुलाः- आज शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में उपलब्धि के योग हैं। आय के नए स्रोत बनेंगे, वाक् पटुता आपको विशेष सम्मान दिलाएगी। भागदौड़ विशेष रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है।

वृश्चिकः- आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर धन, सम्मान, यश, कीर्ति की वृद्धि होगी। रूका हुआ कार्य सिद्ध होगा-प्रियजनों से भेंट होगी।

धनुः- आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्चा होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आधीनस्थ कर्मचारी या किसी संबंधी के कारण तनाव बढ़ सकता है।

मकरः- आज व्यावसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है।

कुंभः- नई प्रॉपर्टी खरीदने की संभावना है। आर्थिक समृद्धि तभी संभव है जब आप जीवन में थोड़ा धैर्य और सूझबूझ से निवेश करें।

मीनः- आपके खर्चे कम हो जाने से आपकी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। अच्छे वाहन का सुख प्राप्त होगा। कई नए समझौते होंगे जो आपको अच्छा मुनाफा दिला सकते हैं।

इतिहास रचने से महज 37 रन दूर विराट कोहली

» विंडीज के खिलाफ हासिल कर सकते हैं बड़ी उपलब्धि

मैनचेस्टर (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली सबसे तेजी से 20 हजार अंतर्राष्ट्रीय रन बनाने से महज 37 रन दूर हैं। भारतीय टीम को गुरुवार को ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर वेस्टइंडीज से भिड़ना है। कोहली अब तक 19963 रन बना चुके हैं। अभी सबसे तेजी से 20 हजार रन बनाने का रिकार्ड भारत के ही सचिन तेंदुलकर और वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा के नाम है।

कोहली अगर 37 रन बनाने में सफल रहे तो वह 416 पारियों (131 टेस्ट, 223 वनडे और 62 टी-20) में 20 हजार रनों का आंकड़ा पार करने में सफल होंगे। इस मुकाम पर पहुंचने वाले वह 12वें बल्लेबाज और तीसरे भारतीय बन जाएंगे। कोहली से अधिक रन सचिन (34357) और राहुल द्रविड़ (24208) ने बनाए हैं।तेंदुलकर और लारा दोनों ही 453 पारियों में इस मुकाम पर पहुंचे थे जबकि आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने 468 पारियों में 20 हजार अंतर्राष्ट्रीय रनों का आंकड़ा छुआ था। कोहली इन दिनों शानदार फार्म में हैं। बीते रविवार को पाकिस्तान के साथ खेलते हुए कोहली ने 77 रनों की पारी के दौरान सबसे तेजी से 11 हजार वनडे रन बनाने का कीर्तिमान अपने नाम किया था।

ई-बिजनेस शुरू करने की तैयारी में इंस्टाग्राम

सैन फ्रांसिस्को (आरएनएस)। ऑनलाइन बिजनेस में फिलहाल एमेजन का एक छत्र राज्य है लेकिन इससे लगभग 10 लाख वैश्विक यूजर वाले इंस्टाग्राम के इस क्षेत्र में आने से खतरा हो सकता है। इंस्टाग्राम के नए प्रमुख एडम मूसेरी ने कहा है कि उनकी यह योजना है। पिछले साल अक्टूबर में कार्यभार संभालने के बाद अपने पहले सार्वजनिक साक्षात्कार में एक अंग्रेजी समाचार पत्र से कंपनी की आगे की रणनीति पर बात करते हुए मूसेरी ने कहा कि कंपनी के लिए उनकी योजना दुकानदारों, विक्रेताओं और इंस्टाग्राम यूजर्स की बड़ी संख्या को जोड़ने की है। समाचार एजेंसी एफे के अनुसार, मूसेरी की योजना फेसबुक के अधिग्रहण वाले फोटो शेयरिंग प्लेटफॉर्म के मुख्य पहलू- जिसमें यूजर्स अपनी अपलोड की गई तस्वीरें अन्य यूजर्स को दिखाते हैं- को पीछे छोड़कर इसे एक सेल्स पोर्टल में बदलने की है। हालांकि अनुपात में देखें तो वैश्विक खरीदारी में इसकी हिस्सेदारी बहुत कम है, लेकिन ई-कॉमर्स का व्यापार प्रतिसाल बढ़ रहा है और डिजिटल कॉमर्स 360 की मानें तो 2018 में इसकी वैश्विक बिक्री बढ़कर 2.86 ट्रिलियन (2860 बिलियन) हो गया है।

तंदूरी आलू टिक्का रेसिपी

पनीर टिक्का तो आपने बहुत खाया होगा लेकिन क्या कभी आलू टिक्का टेस्ट किया है। अगर नहीं तो आज हम बनाएंगे तंदूरी आलू टिक्का, जो है बहुत ही टेस्टी स्नैक।

सामग्री :

बिना छिले छोटे आलू- 10, गरम मसाला पाउडर- 1/4 चम्मच, धनिया पाउडर-1/4 चम्मच,पानी निकला दही- 1/4 चम्मच नींबू का जूस, नमक स्वादानुसार, लाल मिर्च-चुटकीभर, कसूरी मेथी पाउडर- 1/4 चम्मच, तेल आवश्यकतानुसार

विधि :

गैस पर एक बर्तन में पानी गर्म करें और उसमें नमक और आलू डालकर उबलने के लिए रख देंगे। उबलने के बाद गैस बंद कर दें। अब आलू छीलकर काट लेंगे और इन्हें एक दूसरे बर्तन में निकालकर उसमें पानी निकला दही मिलाएं। अब लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, गरम मसाला और कसूरी मेथी डालकर मिक्स करेंगे। कुछ देर के लिए आलू को मैरिनेट करने के लिए रख दें। अब एक नॉन स्टिक पैन लें और उसमें थोड़ा सा ऑइल गर्म करेंगे। गर्म होने के बाद उसमें मैरिनेटेड आलू डालें और फ्राई करें। फ्राई करने के बाद इन्हें एक प्लेट में रखें और ऊपर से नींबू का रस डालें। अपनी पसंद की चटनी या सॉस या डिप के साथ सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य- 8

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे टोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 07 का हल

दि	क्र	त	■	आ	सा	न	■	आ
ल	■	मी	■	खि	■	सी	ख	ना
■	म	ज	बू	र	■	ह	■	जा
स	र्द	■	■	का	■	त	रा	ना
र	■	■	■	र	वि	■	ह	■
प	ह	ना	ना	■	ना	रा	ज	■
ट	■	■	क	शि	श	■	नी	ला
■	र	■	■	का	■	रा	■	य
खा	ति	र	दा	री	■	त	क्ष	क

सू-दोकू- 8

	9		1	6		2		7
3								
		6					9	
7			5		1		3	
	8			9		6		2
		4					7	
	3				2	9		6
6		7	3					4
	4			1		7	8	

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.07का हल

2	6	3	9	8	7	1	5	4
8	5	1	3	2	4	6	7	9
9	4	7	1	5	6	8	2	3
3	9	8	6	7	1	5	4	2
6	1	2	5	4	3	9	8	7
5	7	4	8	9	2	3	1	6
1	2	6	7	3	5	4	9	8
4	8	5	2	6	9	7	3	1
7	3	9	4	1	8	2	6	5